**बिहार सरकार**

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

**आई०ए०एस०संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14**

**विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.( डी.सी.ई.सी.ई. )-2012/01 दिनांक- 26.02.2012**

## डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2012
## [ पॉलिटेकनिक ( अभियंत्रण )/ पॉलिटेकनिक ( गैर अभियंत्रण )/ पारा मेडिकल-डेन्टल ( माध्यमिक स्तरीय )/ पारा मेडिकल ( इंटरमीडिएट स्तरीय )/ होटल मैनेजमेन्ट ( माध्यमिक स्तरीय ) ]

**निम्नांकित पाठ्यक्रम समूहों में नामांकन हेतु आयोजत की जाने वाली डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2012 में सम्मिलित होने के लिये निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-**

(क) **(i)** पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रम समूह (PE): बिहार राज्य के अंतर्गत पॉलिटेकनिक संस्थानों के सभी अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम। **(ii)** पॉलिटेकनिक (गैर अभियंत्रण) पाठ्यक्रम समूह (PNE): बिहार राज्य के अंतर्गत पॉलिटेकनिक संस्थानों के सभी गैर अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम (महिलाओं के लिए)। **(iii)** पारा मेडिकल-डेंटल (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PMD): बिहार सरकार के विभिन्न अस्पतालों एवं अन्य मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों के पारा मेडिकल-डेन्टल पाठ्यक्रम। **(iv)** पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PM): बिहार सरकार के विभिन्न अस्पतालों एवं अन्य मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों के सभी पारा मेडिकल पाठ्यक्रम **(v)** होटल मैनेजमेन्ट (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (HM)।

(ख) **विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी अभातशिप (AICTE) के बन्धेज लागू होंगे।**

(ग) (i) **स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक- 1/DCMAT-03/2011-794(i) दिनांक 30.11.2011 द्वारा इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विवरण-पुस्तिका एवं आवेदन प्रपत्र प्रारूप पर अनुमोदन के उपरान्त, इसे मुद्रित कराये जाने के बाद, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक-508 ( प.नि., पी.एम.सी. ) दिनांक 11.02.2012 में अन्तर्निहित निर्देशों को, इस विवरण पुस्तिका के मुखपृष्ठ के बाद, विषय सूची, पृष्ठ संख्या-3, 4, 19 एवं 20 का संशोधित रूप, शुद्धि-पत्र के साथ संलग्नित कर जोड़ा गया है।**

(ii) डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (DCECE)-2012 के जो अभ्यर्थी PM (इन्टरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत ए.एन.एम. नर्सिंग पाठ्यक्रम अथवा / और जी.एन.एम. नर्सिंग (ग्रेड-ए नर्सिंग) पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु इस प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होना चाहती है, वे अर्हता / योग्यता (Eligibility) हेतु उक्त शुद्धि-पत्र में अंकित सभी विवरण / प्रावधानों को सावधानी पूर्वक निश्चित रूप से अध्ययन कर लें, क्योंकि उपरोक्त शुद्धि-पत्र एवं संलग्नकों के प्रावधान / निर्देश मान्य होंगे।

**नोट : ए.एन.एम. नर्सिंग पाठ्यक्रम को पारा मेडिकल-डेन्टल ( PMD ) समूह से हटाकर पारा मेडिकल ( PM ) पाठ्यक्रम समूह में जोड़ा गया है। क्योंकि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के अनुसार ए.एन.एम. नर्सिंग पाठ्यक्रम की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता माध्यमिक स्तरीय के स्थान पर इन्टरमीडिएट स्तरीय हो गयी है।**

2. उपरोक्त डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2012 निम्नांकित तिथियों को आयोजित की जायेगी :-

(i) दिनांक **05.05.2012 :** पारा मेडिकल-डेंटल **[PMD]** (माध्यमिक स्तरीय) एवं पारा मेडिकल **[PM]** (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम समूहों के लिये।

(ii) दिनांक **06.05.2012 :** पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) **[PE]** , पॉलिटेकनिक (गैर अभियंत्रण) **[PNE]** पाठ्यक्रम समूहों के लिये एवं होटल मैनेजमेन्ट **[HM]** (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह।

3. सामान्य (Gen.)/ पिछड़ी जाति (BC)/ अत्यन्त पिछड़ी जाति (EBC) तथा अनुसूचित जाति (SC)/ अनुसूचित जनजाति (ST) के लिये अलग-अलग निर्दिष्ट-संख्या श्रेणी के अन्तर्गत संख्या वाले आवेदन प्रपत्र निर्धारित हैं। सामान्य (Gen.)/ पिछड़ी जाति (BC)/ अत्यन्त पिछड़ी जाति (EBC) के आवेदन पत्र पर काले रंग की पट्टी छपी है। इसी तरह अनुसूचित जाति (SC)/ अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए निर्धारित आवेदन पत्रों पर लाल रंग की पट्टी छपी है। इन पट्टियों पर सम्बन्धित कोटियाँ अंकित हैं।

कोटिवार निर्धारित आवेदन प्रपत्रों का विवरण निम्नवत है :-

| क्रम सं. | कोटि (1) | आवेदन प्रपत्र के उपर छपी पट्टी का रंग (2) | आवेदन प्रपत्र संख्या की निर्दिष्ट संख्या श्रेणी (3) | निर्धारित संस्थानों से क्रय हेतु बैंक ड्राफ्ट की राशि (4) | केनरा बैंक की शाखाओं से क्रय हेतु नकद राशि (बैंक चार्ज रु. 10/-सहित) (5) | डाक से प्राप्त करने हेतु बैंक ड्राफ्ट की राशि (6) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य (Gen.) / पिछड़ी जाति (BC) / अत्यन्त पिछड़ी जाति (EBC) | काला | 312-100001 से 312-300000 तक | रु. 550/- | रु. 560/- | रु. 590/- |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC)/ अनुसूचित जनजाति (ST) | लाल | 312-300001 से 312-400000 तक | रु. 330/- | रु. 340/- | रु. 370/- |

उपरोक्त सारणी में दी गई मूल्य-राशियों में विवरण पुस्तिका सहित एक आवेदन प्रपत्र तथा एक पाठ्यक्रम समूह के लिये परीक्षा-शुल्क सम्मिलित है।

4. प्रत्येक अभ्यर्थी को निश्चित रूप से यह जाँच कर लेना चाहिये कि वह उपरोक्त कंडिका-3 की सारणी के अनुसार अपनी कोटि के लिये निर्दिष्ट संख्या श्रेणी के अन्तर्गत संख्या का आवेदन प्रपत्र क्रय कर रहा है। अनभीष्ट प्रयोग किये गये आवेदन प्रपत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे।

5. अभ्यर्थी आवेदन पत्र क्रय करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन पत्र का कोई पृष्ठ खाली / अमुद्रित न हो ।

6. विवरण पुस्तिका सहित आवेदन प्रपत्रों का **विक्रय दिनांक 01.03.2012 से प्रारम्भ होगा** और उनको **दिनांक 27.03.2012 तक** नीचे दी गई विधियों से प्राप्त किया जा सकेगा :-

(क) कंडिका-3 की सारणी के कॉलम 4 के अनुसार कोटिवार निर्धारित राशि के ''एकाउंटपेयी'' बैंक ड्राफ्ट (देखें कंडिका-7) द्वारा निम्नांकित संस्थानों से:- (i) नवीन राजकीय पॉलिटेकनिक, पटना-13, (ii) राजकीय पॉलिटेकनिक, पटना-7, (iii) राजकीय पॉलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर, (iv) राजकीय पॉलिटेकनिक, भागलपुर, (v) राजकीय पॉलिटेकनिक, सहरसा, (vi) राजकीय पॉलिटेकनिक, दरभंगा, (vii) राजकीय पॉलिटेकनिक, पूर्णियाँ (viii) राजकीय पॉलिटेकनिक, गया, (ix) पटना मेडिकल कॉलेज, पटना, (x) नालन्दा मेडिकल कॉलेज, पटना, (xi) जे. एल. एन. मेडिकल कॉलेज, भागलपुर, (xii) श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर, (xiii) ए. एन. एम. मेडिकल कॉलेज, गया, (xiv) दरभंगा मेडिकल कॉलेज, दरभंगा ।

(ख) उपरोक्त कंडिका-3 की सारणी के कॉलम 5 के अनुसार कोटिवार निर्धारित नकद राशि देकर **केनरा बैंक की निम्नांकित शाखाओं से:-** (i) बहुबती मार्केट, जेल रोड, आरा (ii) एम.जी.रोड, भागलपुर (iii) पुलपर, बिहार शरीफ (iv) लालबाग, दरभंगा (v) बड़ी बाजार, मुंगेर (vi) मेन ब्रांच, गया (vii) तेलपा, छपरा (viii) पंकज मार्केट, गुदड़ी रोड, हाजीपुर (ix) गर्ल्स स्कूल रोड, कटिहार (x) लक्ष्मण वाटिका, बैंक रोड, मोतीहारी (xi) मोतीझील, मुजफ्फरपुर (xii) बुद्ध मार्ग, पटना (xiii) एक्जीविशन रोड, पटना (xiv) साउथ गाँधी मैदान, पटना (xv) भठ्ठा बाजार, पूर्णियाँ (xvi) जी.टी.रोड, सासाराम (xvii) सेन्ट्रल मार्केट, सीतामढ़ी (xviii) गणेश चौक, समस्तीपुर (xix) यादवपुर रोड, गोपालगंज (xx) के.एन.मार्केट, मेन रोड, बेगुसराय, (xxi) हनुमान नगर कंकडबाग, पटना, (xxii) राजाबाजार, पटना, (xxiii) बोरिंग रोड, पटना, (xxiv) कदमकुआँ, पटना ।

(ग) उपरोक्त कंडिका-3 की सारणी के कॉलम 6 के अनुसार कोटिवार निर्धारित राशि का ''एकाउंट पेयी'' बैंक ड्राफ्ट (देखें नीचे कंडिका-7) तथा 27 से.मी. x 18 से.मी. का, अपना पता लिखा हुआ लिफाफा परीक्षा नियंत्रक, बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 के पते से भेज कर डाक द्वारा प्राप्त किया जा सकता है । **डाक द्वारा आवेदन प्रपत्र भेजने के लिये दिनांक 21.03.2012 तक** परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में प्राप्त अनुरोध पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे ।

7. उपरोक्त कंडिका-6(क) एवं 6(ग) के अनुसार वांछित बैंक ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक से ''परीक्षा नियंत्रक, बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड'' के नाम से पटना पर देय होना आवश्यक है ।

8. **आयु सीमा :** (i) पॉलिटेकनिक अभियंत्रण [PE] , पॉलिटेकनिक गैर अभियंत्रण [PNE] एवं होटल मैनेजमेन्ट [HM] - माध्यमिक स्तरीय पाठ्यक्रम समूहों के लिए न्यूनत्तम अथवा अधिकत्तम आयु-सीमा निर्धारित नहीं है ।

(ii) पारा मेडिकल-डेन्टल [PMD] - माध्यमिक स्तरीय समूह के लिये दिनांक 31.12.2012 को आवेदक की आयु न्यूनतम 15 वर्ष और अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिये ।

(iii) पारा मेडिकल [PM] - इंटरमीडिएट स्तरीय पाठ्यक्रम समूहों के अन्तर्गत जी.एन.एम. नर्सिंग (ग्रेड-ए नर्सिंग) पाठ्यक्रम के लिये दिनांक 31.12.2012 को न्यूनत्तम आयु 17 वर्ष एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी जबकि ए.एन.एम. नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए न्यूनत्तम 17 वर्ष किन्तु अधिकत्तम आयु सीमा निर्धारित नहीं है । इस पाठ्यक्रम समूह के अन्य पाठ्यक्रमों के लिये दिनांक 31.12.2012 को न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं अधिकतम 32 वर्ष होनी चाहिये ।

9. शैक्षणिक तथा आवासीय अर्हताओं तथा अन्य नियमों/ शर्तों के लिये इस डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2012 की विवरण पुस्तिका (आवेदन प्रपत्रों के साथ उपलब्ध) एवं उसमें जोड़े गये संशोधित विषयसूची तथा पृ0सं0 3, 4, 19 और 20 को देखें ।

10. सभी पात्रता-प्राप्त आवेदकों के प्रवेश पत्र यथासमय निर्बंधित डाक द्वारा निर्गत कर दिये जायेगें । प्रत्येक आवेदक को जैसे ही उसका प्रवेश पत्र प्राप्त होता है, उसे उस प्रवेश पत्र में अंकित सभी सूचनाओं यथा नाम, रौल नं., आरक्षण की कोटि, परीक्षा केन्द्र का नाम आदि की पूरी जाँच आवश्यक है। यदि जाँच के फलस्वरूप **कोई त्रुटि पायी जाती है तो उसके सुधार हेतु** प्राप्त प्रवेश पत्र और जिस फोटो को मूल आवेदन पत्र / कम्प्यूटर फार्म पर चिपकाया गया हो उसकी दो फोटो प्रतियों के साथ बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 से सम्पर्क कर **दिनांक 30.04.2012 तक आवश्यक सुधार निश्चित रुप से करा लें ।**

11. **समुचित रूप से भरे गये आवेदन-प्रपत्र ( अनुलग्नकों सहित ) को केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा परीक्षा नियंत्रक, बी.सी.ई.सी.ई. बी. बोर्ड, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14 के पते पर भेजा जाना है । परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय में भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 07.04.2012 ( 5.00 बजे अपराह्न तक ) है । किसी अन्य विधि से भेजे गये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे । साथ ही, किसी भी परिस्थिति में भरे हुए आवेदन-प्रपत्र बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद कार्यालय में हाथों-हाथ स्वीकार नहीं किये जायेंगे ।**

12. **डी.सी.ई.सी.ई.-2012 की विवरण पुस्तिका में अंकित कार्यक्रम / तिथियों को इस विज्ञापन में दिये गये कार्यक्रम / तिथियों के हद तक संशोधित समझा जाये।**

13. **भरे हुए आवेदन-प्रपत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि किसी भी परिस्थिति में बढ़ायी नहीं जायेगी ।**

14. उपर्युक्त सूचना पर्षद के वेबसाईट : **(i) www.bceceboard.com (ii) Website : www.bcecebonline.com** पर भी उपलब्ध है ।

**परीक्षा नियंत्रक**
**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**